ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

# GRADE 10

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions: 50** **Total Marks: 50** **Time: 1 Hour**

### जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम**, **कक्षा**, **रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके **O.M.R.** उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- **केवल O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक के यहाँ जमा करें।

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों–'क' तथा 'ख' में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल आधारित प्रश्न

**I.** ***एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न*** *(1-Key answer)*

**निर्देश :** इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. पहाड़ी हिंदी की बोली है–**

(A) मगही (B) बघेली
(C) कुल्लुई (D) भीली

**2. 'अनु + एषक' की संधि से बना सही शब्द कौन-सा है?**

(A) अनुएषक (B) अन्वेषक
(C) अनवेषक (D) अनूषक

**3. 'मूल शब्द + मूल शब्द' से बना यौगिक शब्द है–**

(A) जन्मदाता (B) यौगिक
(C) अनादर (D) बचपन

**4. सही तत्सम-तद्भव शब्द-युग्म चुनिए–**

(A) योगी – योग्य (B) स्रोत – सोता
(C) आम्र – अमरक (D) यश – सुयश

**5. किस समास के पूर्वपद तथा उत्तरपद, दोनों गौण होते हैं तथा कोई अन्य तीसरा पद प्रधान होता है?**

(A) तत्पुरुष समास (B) कर्मधारय समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) द्वंद्व समास

**6. 'जो कर्म नहीं करता हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–**

(A) अनभिज्ञ (B) अकर्ता
(C) अकर्मण्य (D) अकार्य

**7. इनमें से कौन-सा कथन सही है?**

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम निश्चित वस्तु या व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होते हैं।
(B) 'कोई, कुछ' निश्चयवाचक सर्वनाम हैं।
(C) निजवाचक सर्वनाम वक्ता द्वारा वाक्य के कर्म के लिए प्रयुक्त होते हैं।
(D) संबंधवाचक सर्वनाम आश्रित उपवाक्यों को प्रधान उपवाक्य के साथ जोड़ने का कार्य करते हैं।

**8. 'च', 'छ', 'ज', 'झ' का उच्चारण स्थान है–**

(A) मूर्धन्य (B) तालव्य
(C) ओष्ठ्य (D) दंत्य

**9. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?**

(A) आपा (B) चिकना
(C) दृढ़ता (D) शीघ्रता

**10. निम्नलिखित में से अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम कौन-सा है?**

(A) हमसे (B) उनसे
(C) आपने (D) मुझको

**11. किस वाक्य में प्रविशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) कमरे में कुछ लोग थे। (B) मेले में कई दुकानें हैं।
(C) रमा अति वाचाल है। (D) मैं तीसरी मंज़िल पर रहती हूँ।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शब्दकोश में पहले आएगा?**

(A) पंजाबी (B) पंचायत
(C) पंजीकरण (D) पंचांग

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प लोकोक्ति है?**

(A) घर की मुरगी दाल बराबर (B) पाँचों उँगलियाँ घी में होना
(C) चुल्लू भर पानी में डूब मरना (D) तलवार की धार पर चलना

**14. 'पहले <u>सोचो-विचारो</u> तब बात करो।' वाक्य के रेखांकित पद में रचना के आधार पर क्रिया का भेद है–**

(A) सामासिक क्रिया (B) सरल क्रिया
(C) मिश्र क्रिया (D) प्रेरणार्थक क्रिया

**15. किस वाक्य में भाववाचक संज्ञा शब्द का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में हुआ है?**

(A) प्रार्थना करो अवश्य सफलता मिलेगी। (B) बुराइयों से बचकर रहना।
(C) मित्रता अनमोल है। (D) अहंकार का अंत अवश्य होता है।

**16. किस वाक्य का रेखांकित पद करण कारक में है?**

(A) बच्चे ने कुत्ते को <u>डंडे से</u> मारा। (B) मैं <u>नदी से</u> पानी लाया।
(C) आरती <u>ट्रेन से</u> नीचे उतर गई। (D) <u>मज़दूर से</u> पेड़ नहीं काटा जाता।

**17. इनमें से किस वाक्य में नामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) वह लड़का किधर चला गया?
(B) अनुपमा की सहेली कल आगरा चली गई।
(C) इस आदमी से मैं बात नहीं करूँगा।
(D) मुझे थोड़े चावल चाहिए।

**18. वर्तमान काल के उपभेद में इनमें से कौन-सा शामिल नहीं है?**

(A) अपूर्ण वर्तमान काल (B) सामान्य वर्तमान काल
(C) संदिग्ध वर्तमान काल (D) हेतु-हेतुमद् वर्तमान काल

**19. वाच्य के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?**

(A) कर्तृवाच्य में क्रिया सदैव कर्ता के अनुसार बदलती है।
(B) सकर्मक क्रिया वाले अकर्तृवाच्य के वाक्य कर्मवाच्य के होते हैं।
(C) अकर्तृवाच्य के वाक्यों में प्राय: कर्ता का लोप हो जाता है।
(D) अकर्तृवाच्य के दो भेद होते हैं।

**20. 'उसने <u>एकाएक</u> प्रवेश किया।' वाक्य के रेखांकित पद का भेद है–**

(A) स्थानवाची क्रियाविशेषण (B) कालवाची क्रियाविशेषण
(C) परिमाणवाची क्रियाविशेषण (D) रीतिवाची क्रियाविशेषण

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 21 से 23 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

भारत में 500 और 1000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण या नोटबंदी की घोषणा 8 नवंबर, 2016 को रात आठ बजे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अचानक राष्ट्र को किए गए संबोधन के द्वारा की गई। यह संबोधन टीवी के द्वारा किया गया। इस घोषणा में 8 नवंबर की आधी रात से देश में 500 और 1000 रुपये के नोटों को खत्म करने का ऐलान किया गया। इसका उद्देश्य केवल काले धन पर नियंत्रण ही नहीं बल्कि जाली नोटों से छुटकारा पाना भी था। जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी की घोषणा की तो सारे देश में एक तरह से भूकंप-सा आ गया। यह घोषणा सुनते ही कुछ लोगों की तो रातों की नींद ही उड़ गई। कुछ लोग होशो-हवास खोकर ज्वेलर्स की दुकानों पर जाकर उलटे-सीधे दामों में सोना खरीदने लगे। अगले दिन से बैंकों और सभी एटीएम्स पर लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई देने लगीं। नोटबंदी लागू करते समय ही प्रधानमंत्री ने देश की जनता से अपील की थी कि वे उन्हें पचास दिन दें, अर्थात जनता का यह कष्ट केवल 50 दिनों के लिए ही था। पर देश के भ्रष्ट नेता, भ्रष्ट राजनीतिक दल, भ्रष्ट अधिकारी और भ्रष्ट व्यापारी सब परस्पर मिलकर प्रधानमंत्री के इस क्रांतिकारी कदम का विरोध करने लगे। लेकिन आम जनता जिसने कष्ट उठाया उसके माथे पर शिकन तक दिखाई न दी, उसने हँसते हुए इस निर्णय को स्वीकार किया और प्रधानमंत्री के इस कदम को भ्रष्टाचार और ब्लैकमनी के विरुद्ध ऐतिहासिक कदम माना।

**21. कौन-सा कथन नोटबंदी से संबंधित सही कथन नहीं है?**

(A) भारत के प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की घोषणा की थी।

(B) इसके तहत 500 व 1000 रुपये के नोटों को खत्म करने की बात की गई।

(C) नोटबंदी का उद्देश्य काले धन को विदेशों में भेजना था।

(D) देश के भ्रष्ट लोग इस क्रांतिकारी कदम का विरोध करने लगे।

**22. नोटबंदी का विरोध किसने किया?**

(A) भ्रष्ट व्यापारी (B) भ्रष्ट नेता

(C) भ्रष्ट अधिकारी (D) उपर्युक्त सभी

**23. रचना के आधार पर 'प्रधानमंत्री' किस प्रकार का शब्द है?**

(A) मूल शब्द (B) यौगिक शब्द

(C) रूढ़ शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

**24. 'पहलवान बहुत खाता है।' 'गाड़ी बहुत तेज़ चल रही थी।' इन दोनों वाक्यों के 'बहुत' का सामान्य पद-परिचय होगा–**

(A) पहला बहुत–संख्यावाचक विशेषण; दूसरा बहुत–विशेषण, विशेष्य-गाड़ी

(B) पहला बहुत–परिमाणवाचक विशेषण; दूसरा बहुत–विशेष्य, विशेषण-तेज़

(C) पहला बहुत–परिमाणवाचक क्रियाविशेषण; दूसरा बहुत–प्रविशेषण, विशेषण-तेज़

(D) पहला बहुत–परिमाणवाचक विशेषण; दूसरा बहुत–प्रविशेषण, विशेष्य-गाड़ी

**25. 'कुछ लोगों में अब भी मनुष्यता बाकी है।' रेखांकित पद का परिचय होगा–**

(A) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

(C) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक

(D) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक

**26. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) छात्र मैदान में दौड़ रहे हैं। (B) मैंने पत्र लिखा।

(C) अंकिता ने सब्ज़ी बनाई। (D) राम ने पुस्तक पढ़ी।

**27. 'सरकार ने <u>देशभर की गरीब</u> जनता को राशन की सुविधा प्रदान की है।' इस वाक्य में रेखांकित अंश कौन-सा पदबंध है?**

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

**28. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(A) मधयाह्न (B) भूगर्ब
(C) विलक्षण (D) महातम्य

**29. 'अकल का पुतला' मुहावरे का सही अर्थ होगा–**

(A) बहुत बुद्धिमान (B) बहुत चतुर
(C) अत्यंत धूर्त (D) अत्यंत मूर्ख

**30. लोकोक्ति के संदर्भ में कौन-सा कथन गलत है?**

(A) इसका प्रयोग किसी कथन के खंडन-मंडन में किया जाता है।
(B) कुछ लोकोक्तियाँ तर्कशून्य हो सकती हैं। (C) लोकोक्तियों के अर्थ व्यंग्यार्थ के स्तर के होते हैं।
(D) सभी लोकोक्तियाँ तर्कपूर्ण उक्तियाँ होती हैं।

**II. *बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न* *(2-Key answer)***

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को <u>दो</u> सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. कौन-से दो सर्वनाम निजवाचक सर्वनाम हैं?**

(A) खुद (B) कोई
(C) कुछ (D) स्वयं

**32. किन दो शब्दों की संधि गलत है?**

(A) सीमा + अंत = सीमांत (B) परम + औज = परमौज
(C) जलो + ऊर्मि = जलोर्मि (D) धन + ऐश्वर्य = धनैश्वर्य

**33. इनमें से दो गलत वचन-परिवर्तन का चुनाव कीजिए–**

(A) कर्मचारी–कर्मचारियाँ (B) शाला–शालें
(C) बहू–बहुएँ (D) डिबिया–डिबियाँ

**34. किन दो शब्दों के विलोम गलत हैं?**

(A) दोषी–निर्दोष (B) सामिष–निरामिष
(C) वक्र–तिरछा (D) पक्ष–समक्ष

**35. किन दो वाक्यों में क्रियाविशेषण पदबंध हैं?**

(A) वह बहुत धीरे लिख रही है। (B) मैंने एक नई कार खरीदी है।
(C) दीपा एक मशहूर डॉक्टर है। (D) मैं कल चार बजे पहुँचूँगा।

**36. जिस वाक्य में आए सभी उपवाक्य स्वतंत्र होते हैं उस वाक्य को कह सकते हैं–**

(A) सरल वाक्य (B) जटिल वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) मिश्र वाक्य

37. **'से' कारकीय-चिह्न किन दो तत्पुरुष समास के भेदों के बीच में आता है?**

(A) करण तत्पुरुष समास
(B) कर्ता तत्पुरुष समास
(C) अपादान तत्पुरुष समास
(D) संप्रदान तत्पुरुष समास

38. **राजस्थानी हिंदी के अंतर्गत आने वाली बोलियाँ हैं–**

(A) मैथिली
(B) मालवी
(C) मारवाड़ी
(D) ब्रजभाषा

39. **निम्नलिखित में से कौन-से दो कथन सही हैं?**

(A) स्रोत के आधार पर शब्दों के पाँच भेद होते हैं।
(B) उपसर्ग हमेशा मूल शब्द में जुड़कर आते हैं।
(C) समस्तपद में पहला पद उत्तरपद तथा दूसरा पद पूर्वपद कहलाता है।
(D) पर्यायवाची शब्दों में बहुत ही सूक्ष्म स्तर पर अर्थगत अंतर होता है।

40. **कौन-से दो वर्ण संघर्षी व्यंजन हैं?**

(A) श
(B) य
(C) ल
(D) ष

41. **कौन-से दो कवि प्रगतिवाद से संबंधित हैं?**

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) नागार्जुन
(C) महादेवी वर्मा
(D) त्रिलोचन

42. **'उपन्यास' के विषय में इनमें से कौन-से दो कथन सही हैं?**

(A) उपन्यास सामाजिक जीवन के अत्यंत निकट होता है।
(B) उपन्यास आधुनिक गद्य की एक कथात्मक विधा है।
(C) उपन्यास किसी एक विषय विशेष पर केंद्रित होता है।
(D) उपन्यास आकार में अन्य गद्य की विधाओं से छोटा होता है।

## खंड ( ख ) : उच्च चिंतन कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

43. **उपभाषा एवं उनकी बोलियों को सही सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| | उपभाषा | | बोलियाँ |
|---|---|---|---|
| (क) | पहाड़ी हिंदी | (*i*) | कन्नौजी, बुंदेली, खड़ी बोली |
| (ख) | पश्चिमी हिंदी | (*ii*) | भोजपुरी, मगही, मैथिली |
| (ग) | बिहारी हिंदी | (*iii*) | अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी |
| (घ) | पूर्वी हिंदी | (*iv*) | कुल्लुई, गढ़वाली, कुमाऊँनी |

***विकल्प–***

(A) (क)–(*iv*), (ख)–(*i*), (ग)–(*ii*), (घ)–(*iii*)
(B) (क)–(*ii*), (ख)–(*i*), (ग)–(*iv*), (घ)–(*iii*)
(C) (क)–(*i*), (ख)–(*iii*), (ग)–(*ii*), (घ)–(*iv*)
(D) (क)–(*iii*), (ख)–(*i*), (ग)–(*iv*), (घ)–(*ii*)

**44. उच्चारण अवयवों द्वारा किए जाने वाले अवरोध की प्रकृति के आधार पर कौन-सा व्यंजन-भेद असंगत है?**

(A) स्पर्शी व्यंजन
(B) संघर्षी व्यंजन
(C) नासिक्य तथा मौखिक व्यंजन
(D) अंतस्थ व्यंजन

**45. इनमें से कौन-सी संधि दूसरे वर्ग की है?**

(A) नीरस
(B) वाङ्मय
(C) निष्कपट
(D) तपोबल

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**कथन–**

(1) वाक्य में प्रयुक्त रूप साधक प्रत्यय युक्त शब्द पद कहलाता है।
(2) दो अलग-अलग वर्ग के पदों के संयुक्त रूप को पदबंध कहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

(A) कथन (1) और कथन (2) दोनों सही हैं।
(B) कथन (1) और कथन (2) दोनों गलत हैं।
(C) कथन (1) सही है किंतु कथन (2) गलत है।
(D) कथन (1) गलत है किंतु कथन (2) सही है।

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन–**

(1) क्रिया के भेद दो आधारों पर किए जाते हैं।
(2) अकर्मक क्रिया के दो उपभेद हैं– सरल क्रिया, मिश्र क्रिया।
(3) संयुक्त क्रिया की रचना दो सरल क्रियाओं के योग से होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल एक
(B) एक और दो
(C) एक और तीन
(D) इनमें से कोई नहीं

**48. शृंखला का अगला शब्द सोचकर चुनिए–**

**गुणवाचक : ग्रामीण :: संख्यावाचक : प्रथम :: परिमाणवाचक : ??**

(A) जापानी
(B) आपका
(C) सौ ग्राम
(D) मुलायम

**49. असंगत वर्ग चुनिए–**

(A) मतानुसार, परमार्थ, विद्यालय
(B) यद्यपि, प्रत्युपकार, इत्यादि
(C) देवेंद्र, शुभेच्छा, वधूर्जा
(D) तथैव, एकैक, सदैव

**50. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए।**

| मुहावरे | अर्थ |
|---|---|
| (*i*) आग बबूला होना | (*i*) बहुत क्रोधित होना |
| (*ii*) अपनी खिचड़ी अलग पकाना | (*ii*) साथ मिलकर न रहना |
| (*iii*) खरी-खरी सुनाना | (*iii*) झूठी बातें कहना |
| (*iv*) अक्ल का दुश्मन | (*iv*) समझदार व्यक्ति |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(A) (*i*) और (*ii*)
(B) (*i*), (*ii*) और (*iii*)
(C) (*iii*) और (*iv*)
(D) (*ii*) और (*iv*)

## SPACE FOR ROUGH WORK